राजनीति विज्ञान कक्षा 10वीं

अध्याय - 7

लोकतंत्र की चुनौतियाँ

मुख्य बातें :-

1. **चुनौती** - वह मुश्किल है जो लोकतंत्र में आती रहती है और उसे दूर किय जा सकता है।
2. **बुनियादी आधार की चुनौती** - इस चुनौती में मौजूदा गैर-लोकतांत्रिक सरकार को गिराने, सत्ता पर सेना के नियंत्रण को समाप्त करने और एक सम्प्रभु तथा कारगर शासन व्यवस्था को स्थापित करने की चुनौती है।
3. **विस्तार की चुनौती** - इस चुनौती में लोकतांत्रिक, शासन के बुनियादी सिद्धांतो को सभी छात्रों, सभी सामाजिक समूहों और विभिन्न संस्थाओं में लागू करना शामिल हैं
4. **लोकतंत्र को मजबूत करने की चुनौती** - इस चुनौती में लोकतांत्रिक संस्थाओं और प्रथाओं को मजबूत करना शामिल है।
5. **लोकतंत्र** - एक ऐसी शासन व्यवस्था जहाँ सरकार जनता द्वारा चुनी जाती है।

1 अंक वाले प्रश्न

1. किसी भी लोकतांत्रिक व्यवस्था द्वारा सामना की जाने वाली समस्याओं को क्या कहते है ?
2. प्रत्येक लोकतंत्र के समक्ष किसकी मुख्य चुनौती होती है ?
3. लोगों को राजनीतिक सुधार लागू करने में सशक्त बनाने वाला कौन सा कानून श्रेष्ठत्तम है।
4. राजनीतिक सुधार किसे कहते है ?

लघु/ दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक)

1. लोकतंत्र की चुनौतियों पर हम कैसे विजय प्राप्त कर सकते है ? समझाएँ।
2. लोकतंत्र की चुनौतियाँ कौन-कौन सी है ?
3. लोकतंत्र को कैसे मजबूत किया जा सकता है ?
4. अच्छे लोकतंत्र की विशेषताएँ लिखिए ?
5. शिकायतों को लोकतंत्र की सफलता का प्रमाण किस प्रकार माना जाता है ? तीन तथ्यों की सहायता से स्पष्ट करें।
6. सबसे बढ़िया कानून कौन से है ? भारत से उदाहरण दे कर स्पष्ट करें।
7. भारतीय लोकतंत्र के समक्ष कौन-कौन सी चुनौतियाँ हैं ?

उत्तरमाला

1 अंक वाले प्रश्न

1. लोकतंत्र की चुनौतियाँ
2. विस्तार की चुनौती
3. सूचना का अधिकार, 2005
4. लोकतंत्र की विभिन्न चुनौतियों के बारे में सभी सुझाव या प्रस्ताव 'लोकतांत्रिक सुधार या राजनीतिक सुधार कहे जाते हैं।

लघु / दीर्घ प्रश्नों के उत्तर

1. ★ सैद्धान्तिक रूप से सुधार मुख्यतः राजनीतिक दलों के द्वारा ही लाये जाने चाहिए।
   ★ जनादेश के अनुसार समुचित संवैधानिक आधार अपनाया जाना चाहिए।

★ पंजायती राज व्यवस्था के द्वारा प्रशासन में लोगों की भागीदारी बढ़ाने का प्रयास।

★ सामाजिक जरूरतों के अनुसार नियमों में समय-समय पर बदलाव।

2. 1) बुनियादी चुनौती - जहाँ लोकतंत्र नहीं है वहाँ इसे स्थापित करना।

2) विस्तार की चुनौती - सभी क्षेत्रों में लोकतांत्रिक मूल्यों को लागू करना।

3) लोकतंत्र को मजबूत करने की चुनौती - लोकतंत्र में जनता तथा संस्थाओं को सशक्त करना।

3. 1) लोकतांत्रिक संस्थाओं और उनकी कार्य पद्धतियों को मजबूत बनाना।

2) लोगों द्वारा लोकतंत्र से जुड़ी अपनी उम्मीदों को पूरा करना।

3) लोगों की भागीदारी में वृद्धि।

4) सरकारी फैसलों में पारदर्शिता।

4. -- धर्म, नस्ल, जाति और लिंग के आधार पर भेदभाव नहीं

-- एक निश्चित कार्यकाल के बाद चुनाव सम्पन्न।

-- एक से अधिक दल।

-- स्वतंत्र और निष्पक्ष न्यायपालिका।

5. 1) शिकायत के द्वारा सरकार की निर्णय लेने की प्रक्रिया अच्छी हो जाती है।

2) इससे विचारों को व्यक्त करने की स्वतंत्रता सशक्त होती है और लोकतंत्र में सुधार होते हैं।

3) शिकायतों द्वारा नागरिक सजग हैं ज्ञात होता है।

6. सबसे बढ़िया कानून वे हैं जो लोगों को लोकतांत्रिक सुधार करने की ताकत देते हैं। सूचना का अधिकार कानून लागों को जानकार बनाने और लोकतंत्र के रखवाले के तौर पर सक्रिय करने का अच्छा उदाहरण है। यह भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाता है।

7. 1) भ्रष्टाचार

2) जातिवाद

3) क्षेत्रवाद

4) भाषावाद

5) आतंकवाद